कक्षा- 8

कॉमिक स्ट्रिप बनाना

एक मजेदार कॉमिक स्ट्रिप तैयार करें, जिसमें मुख्य पात्र त्योहार की तैयारी और उसे मनाने की कहानी दर्शाएं। छात्र चित्र बनाकर उसे हिंदी संवादों के साथ प्रस्तुत करें।

क्विज़ बनाना और खेलना

छात्र 'अपने देश में सर्वोच्च या प्रथम' विषय पर आधारित एक क्विज़ तैयार करें। इसमें इस तरह के सवाल हों जैसे "भारत की पहली महिला राज्यपाल कौन थी ?" स्वतंत्र भारत का प्रथम थल सेनाध्यक्ष कौन था ?"। फिर वे इस क्विज़ को परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ खेल सकते हैं।

फूड ब्लॉग/डायरी

छात्र पूर्वोत्तर राज्यों यानि सिक्किम,अरुणांचल प्रदेश आदि में बनाए जाने वाले 2 व्यंजनों की रेसिपी को हिंदी में लिखें और उसे खुद बनाकर उसका अनुभव साझा करें। वे तस्वीरें लेकर एक "फूड ब्लॉग" या "फेस्टिवल फ़ूड डायरी" तैयार कर सकते हैं, जिसमें व्यंजन बनाने की प्रक्रिया और परिवार के लोगों की प्रतिक्रिया (सुझाव,प्रशंसा आदि) का विवरण हो।

मौखिक कहानी सुनाना

छात्र 'हितोपदेश' की कोई कहानी पढ़कर आयें और उसे कक्षा में प्रस्तुत करें, जिससे वे अपनी कहानी सुनाने की कला में सुधार कर सकें।